Title: Need to set up Wage Board for sugar mill workers.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, समस्त चीनी मिलों में इस समय तृतीय वेज बोर्ड के आधार पर वेतन दिया जा रहा है जबकि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार वेतन दिया जा रहा है जिसमें चीनी मिल कार्यकारों के जीवन स्तर में काफी रुकावट आ गई है। जबकि इस समय चीनी मिल कर्मकारों का पांचवा वेतन आयोग गठित हो जाना चाहिये था अभी तक चौथे वेतन आयोग के गठित होने की भी कोई सूचना नहीं है।

अतः सरकार इस संबंध में अविलंब कार्यवाही करे।